# यूपी में रक्षा गलियारे के लिए 28,000 करोड़ का प्रस्ताव

लखनऊ। यूपी रक्षा और एयरोस्पेस विनिर्माण के प्रमुख केंद्र में स्थापित करने के लिए अब तक 28 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव आए हैं। इनके लिए देश विदेश की 57 रक्षा कंपनियों को 923.24 हेक्टेयर भूमि रक्षा उद्योगों को आवंटित हो चुकी है।

रक्षा गलियारे में अडानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज ने कानपुर में 1,500 करोड़ का निवेश कर उत्पादन शुरू कर दिया है। अमितेक इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड (330 करोड़) और वेरीविन डिफेंस (65 करोड़) अब अलीगढ़ में चालू हो गई हैं। कानपुर में ही आधुनिक मैटेरियल एंड साइंसेज (35 करोड़) और ए.आर पॉलिमर्स (48 करोड़) रक्षा वस्त्र और बैलिस्टिक-ग्रेड पॉलिमर सामग्री का उत्पादन कर रहे हैं। 400 करोड़ की लागत वाली रक्षा परीक्षण योजना कानपुर और लखनऊ में उन्नत परीक्षण सुविधाओं का मार्ग प्रशस्त कर रही है। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल नंदी ने कहा कि यूपी रक्षा गलियारे के के छह रणनीतिक नोड रक्षा विनिर्माण तंत्र को मजबूत कर रहे हैं।